हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज़

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद
Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026
Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD
aries agro limited
KSC TECHNO PVT. LTD. Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA
tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति
AVK™
ANA ए.एन.आटोमोबाईल
AE AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

प्रेमनगर। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके सर्वांगीण विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, गृहकार्य की नियमित जांच, पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की मासिक शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग पर निगरानी रखने, घर पर पढ़ाई के लिए उचित वातावरण उपलब्ध कराने और उनकी दैनिक दिनचर्या पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच नियमित संवाद बनाए रखने तथा आपसी समन्वय से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार लाने पर बल दिया गया।

बिना पिटपास के परिवहन करते चार टीपर वाहन जब्त

अम्बिकापुर। खनिज विभाग ने अवैध खनिज परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए चार टीपर वाहनों को पकड़ा है। टीपर वाहनों में बिना पिट पास के ही परिवहन का कार्य चल रहा था। 11 अक्टूबर को खनिज विभाग ने अम्बिकापुर एवं धौरपुर क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन के चार मामले सामने आए, जिनमें चार टीपर वाहनों को जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 29 एएच 8038 के मालिक शैलेश कुमार तथा सीजी 29 एजी 1247 के मालिक मनोज कुशवाहा के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों वाहनों को कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखा गया है। इसी प्रकार वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजे 4223 के मालिक अतुल जायसवाल तथा सीजी 15 ईई 9671 के मालिक इन्द्रदेव गुप्ता के वाहनों पर भी बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन करने के मामले में प्रकरण दर्ज कर उन्हें जब्त किया गया है। इन दोनों वाहनों को अग्रिम आदेश तक थाना धौरपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अनुसार खनिज परिवहन के इन मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4), 21(5) एवं 23 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के 22 जून 2026 को संशोधित नियम 71 के तहत कार्रवाई की जाएगी। संशोधित नियम 71(3) के अनुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में न्यूनतम 25 हजार रूपए का शमन शुल्क अथवा 2 हजार रूपए प्रति टन की दर से निर्धारित राशि जो भी अधिक हो, वसूल किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त संबंधित खनिज का बाजार मूल्य भी वसूल किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के समीप गंभीर हालत में पड़े युवक की मौत

अम्बिकापुर। लगभग 25 वर्षीय युवक 18 मई को



रेलवे स्टेशन के समीप गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पर संजीवनी 108 से युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमारी से पीड़ित युवक का अस्पताल में ही उपचार चल रहा था। लंबे समय तक चले उपचार के बाद युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मृतक के साथ परिजन के नहीं होने तथा युवक का पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में शिनाख्त के लिए रख दिया है।

फाइन स्टार को 52 रन से हरा कर ब्रदर्स 11 ने जीता टपरंगा प्रीमियर लीग

रायगढ़। ग्राम टपरंगा में पहली बार टपरंगा प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। फाइनल मुक़ाबला फाइन स्टार और ब्रदर 11 के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में 125 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइन स्टार की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 72 रन बना सकी और 52 रनों के विशाल अंतर से फाइनल मुकाबला हार गई! फाइनल मैच और प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार ब्रदर्स 11 के दीपक गुप्ता को दिया गया। जिंदल पॉवर के जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ 5 अक्टूबर को हुआ था, जिसमें 10 टीम शामिल हुई, इससे पहले 140 खिलाड़ियों की नीलामी आई पी एल के तर्ज़ पर हुई, खिलाड़ियों को विभिन्न फ्रेंचाइजी टीम के मालिकों ने ख़रीदा! प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई। फाइनल मुकाबला सोमवार 12 अक्टूबर को खेला गया। फाइन स्टार के कप्तान आदी भगत ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ब्रदर्स 11 के खिलाड़ियों ने धमाकेदार शुरुआत की और निर्धारित 10 ओवर में 124 रनो का पहाड़ खड़ा कर दिया! 12.5 रन प्रति ओवर की आस्किंग रेट से रन बनाने का दबाव फाइन स्टार के खिलाड़ियों पर शुरु से दिखाए एक भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई। लिहाजा पूरी टीम 10 ओवर भी नहीं खेल सकी और 72 रन पर ऑल आउट हो गई।

सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर दौड़ा सूरजपुर

मंत्री ने रैली में शामिल होकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



रैली में शामिल कैबिनेट मंत्री व अन्य।

खास बात

- मैराथन में लगभग 800 लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित यातायात का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं अपना हेल्प क्यूआर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मैराथन में लगभग 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मैराथन का शुभारंभ राजमोहनी माता चौक से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री एवं महिला बाल विकास विभाग मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने स्वयं बाइक रैली में शामिल होकर नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चालन का संदेश दिया। मैराथन का समापन साधुराम सेवा कुंज में हुआ। इस दौरान रोड सेफ्टी मैराथन में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी अपना हेल्प क्यूआर के लोगो का शुभारंभ भी किया गया। इस पहल के माध्यम से तकनीक का उपयोग कर आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करते थे। उन्होंने युवाओं से कहा कि सुरक्षित यातायात की शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी। सड़क सुरक्षा के नियमों को केवल याद रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाना भी जरूरी है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति ली गई शपथ स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे परिवार को अनेक कठिनाइयों और संकटों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल शपथ लेने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका गंभीरता से पालन करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सड़क दुर्घटना के बाद घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए, तो कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल 5 किलोमीटर की दौड़ नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक जागरूकता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, श्रीमती स्वाति सिंह, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, वनमण्डलाधिकारी विपुल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक व मैराथन प्रतिभागी उपस्थित रहे।

आपातकाल में मददगार बनेगी डिजिटल पहल

अपना हेल्प क्यूआर जिले में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया गया है। इस पहल के माध्यम से नागरिकों को एक ही क्यूआर कोड स्कैन करने पर अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस एवं पुलिस को कॉल करने, परिजन को सूचना पहुंचाने तथा गलत पार्किंग की स्थिति में वाहन मालिक को अलर्ट भेजने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इस प्रणाली में उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी एवं पहचान की गोपनीयता का भी विशेष ध्यान रखा गया है।



प्रेमनगर महाविद्यालय में गूंजी जनकल्याणकारी योजनाओं की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं, उनके मुख्य उद्देश्यों और समाज के विकास में उनकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अभिव्यक्ति कौशल, मंच का डर दूर करना, तार्किक चिंतन, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना को विकसित करना था।

- भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की, जबकि इसका सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक एवं सहायक प्राध्यापक हरिशंकर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिरदार उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी बात रखी। सभी प्रतिभागियों की बेहतरीन प्रस्तुतियों के बीच निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों में प्रीति सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुशील कुमार द्वितीय स्थान पर रहे तथा बेलमती ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि श्रीमती नयन सिरदार ने कहा कि भाषण प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखने की क्षमता विकसित करने का अच्छा माध्यम हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस दौरान श्रीमती पूर्णा जायसवाल, महेंद्र कुमार यादव, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती कंचन सिरदार, श्रीमती पुनिया राजवाड़े, गणेश सिरदार, सुखसाय रौतिया के अलावा रविशंकर उर्रे,हीरालाल सिंह, डॉ. संजय वर्मा, मनबोध कुजूर, डंकेश्वर बर्मन, जयशंकर, सोनाली किंडो, अन्नु सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।

मैनपाट में कल सजेगा तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2 का रंगारंग मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवरात्रि के उत्साह और उत्सव को यादगार बनाने के लिए मैनपाट में 15 अक्टूबर को तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2 का भव्य आयोजन किया जाएगा। हैप्पी इवेंट्स, तथा स्तु हिल्स रिसॉर्ट और सानू टेंट हाउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह रंगारंग कार्यक्रम तथास्तु हिल्स रिसॉर्ट, मैनपाट में शाम 6 बजे से शुरू होगा। आयोजन में पारंपरिक गरबा-डांडिया के साथ लाइव म्यूजिक, डांस, आधुनिक संगीत और मनोरंजन की विभिन्न प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पिछले आयोजन को मिली सफलता के बाद इस बार कार्यक्रम को और भी भव्य स्वरूप दिया गया है। आयोजकों का उद्देश्य नवरात्रि के उल्लास को संगीत, नृत्य और पारिवारिक मनोरंजन के साथ एक यादगार उत्सव में बदलना है।

- गरबा-डांडिया, लाइव म्यूजिक, डीजे और डांस प्रतियोगिताओं से सजेगी शाम, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2' में संगीत और मनोरंजन का विशेष संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में रंग-राग लाइव बैंड अपनी संगीतमय प्रस्तुति देगा, वहीं डीजे हर्ष अपनी धुनों से प्रतिभागियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। इसके साथ ही दादा 22_11 के साथ आधुनिक रैप का रंग भी देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का एक अन्य विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ी सिनेमा (छॉलीवुड), बॉलीवुड और भोजपुरी जगत से जुड़े कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। रामायण के कलाकार विवेक चंद्रा भी आयोजन में विशेष आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम की मेजबानी और मनोरंजन की जिम्मेदारी मॉमिता गांगुली संभालेंगी, जो अपनी प्रस्तुति से शाम को और भी मनोरंजक बनाएंगी। आयोजन में मनोरंजन के साथ प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इसके लिए बेस्ट कपल, बेस्ट डांस ग्रुप और बेस्ट ड्रेस एंड कॉस्ट्यूम जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ खानपान की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। इसके लिए फेस्टिव फूड एवं बेवरेज काउंटर लगाए जाएंगे। आयोजन के टाइटल स्पॉन्सर डॉ. डी.के. सोनी हैं, जबकि डीपीएस स्कूल, अंबिकापुर स्पॉन्सर्ड बाय के रूप में जुड़ा है। तथास्तु हिल्स रिसॉर्ट आयोजन का वेन्यू पार्टनर है।

21 प्रकरणों में वसूला 39 हजार 200 रुपए

यातायात पुलिस की सख्ती, नो एंट्री पर वाहन दौड़ने वाले 15 चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन के नेतृत्व मे यातायात विभाग द्वारा रामानुजगंज में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इस दौरान नो-एंट्री में वाहन प्रवेश करने के 15 प्रकरणों सहित कुल 21 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 39 हजार 200 रुपए का शमन शुल्क लगाया गया। यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित मार्ग एवं यातायात संकेतों का सम्मान करने तथा सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की समझाइश भी दी गई। यातायात विभाग ने वाहन चालकों से नो-एंट्री एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन न की सलाह दी।



पिता ने पैसा नहीं दिया तो पुत्र ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। पिता द्वारा पैसा नहीं देने तथा दूसरे से पैसा दिलवाने से नाराज हुए पुत्र ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार चंदोरा थाना अंतर्गत ग्राम चिकनी निवासी कृष्णा सिंह आ. दयाराम (28 वर्ष) सोमवार को शराब पीकर घर आया ओर पिता से 5 हजार रूपए की मांग की। पिता ने कैश नहीं होने तथा मोबाइल में पैसा होने की बात कही तभी पुत्र संतोष आ गया। संतोष को देख पिता ने कृष्णा को पैसा देने की बात कही तो कृष्णा नाराज होकर घर से चला गया। इसी बीच पिता भी ड्यूटी चला गया। दोपहर को परिजन ने बताया कि कृष्णा ने कीटनाशक पी लिया है और उसे अस्पताल ले जाने की बात कही। परिजन युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कुंवरपुर में दस दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण में आधुनिक मत्स्य पालन की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय विभागीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मछुआरों को आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीकों, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य निरीक्षक शुभम साहू ने मछुआ प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक मत्स्य पालन की विधियों, मछली उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मछुआरों को मत्स्य पालन को आय एवं स्वरोजगार का बेहतर साधन बनाने के लिए विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से मछुआरों को मत्स्य पालन की नई तकनीकों को समझने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुन्नी मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल मंत्री छोटेलाल मिंज, मोती राम एवं लालसाय शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में मछुआ प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



सड़क-नाली की समस्या को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। वार्ड में सड़क, नाली निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद बाबर इदरिसी ने ननि आयुक्त से मुलाकात की। पार्षद ने वार्डवासियों के साथ आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षद बाबर ने बताया कि नवागढ़ वार्ड में विगत कई वर्षों से सड़क बदहाल स्थिति में है जबकि कई स्थानों पर नालियों का निर्माण ही नहीं हुआ है। कई स्थानों पर नालियां बजबजा रही है। उन्होंने बताया कि घुटरापारा हुसैनी नगर, महामाया पारा में आज तक नाली का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने इन्डियन पब्लिक स्कूल से लेकर अमृत विश्वकर्मा के घर तक, महामाया पारा में दो सौ मीटर, टाइल्स मिस्त्री कालोनी में दो सौं मित्र, अटल चौक के पास चार सौ मीटर नाली का निर्माण कराया जाना है। पार्षद व वार्ड वासियों की मांग पर ननि आयुक्त ने 15 दिवस के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। पार्षद ने निर्धारित समय में नाली निर्माण नहीं होने पर चक्का जाम, निगम घेराव की चेतावनी दी है। इस दौरान सरीफ खान, युसूफ अंसारी, साजिद, मुर्तजा, बबल शर्मा, असरफ, मुना, वसीम सहित अन्य मौजूद थे।



पृष्ठ 3 का शेष

विखं स्तरीय सरगुजा...

खेल के मैदान में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, निरंतर अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस आयोजन में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। आयोजन ने खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार किया। कार्यक्रम के समापन पर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही खेल भावना को जीवन में आत्मसात करने, नियमित अभ्यास करने और अपने क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया गया।

सरगुजा ओलंपिक 2026 ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही अवसर और मेहनत से ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ी भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय,जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा, मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल,मीना चौहान, महामंत्री नरेश यादव, सुनील गर्ग, भूषण वैष्णव, सलमी निकुंज, आलोक गर्ग, बालश्याम चौहान, रवि परहा, नवीन यादव, करेश तिग्गा, रेवा धीवर, गरीब साय जनपद सीईओ संजय चंद्रा, बीईओ कमलेश यादव उपस्थित रहें।

पत्थलगांव के ग्राम...

यह तांत्रिक विधि-विधान के अनुसार आहुति प्रदान करने की प्रक्रिया पर निर्भर करती है। सप्तशती निर्माण की प्रक्रियाः अध्याय-वार विश्लेषणः सप्तशती के 13 अध्यायों में मंत्रों की संख्या को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को समझने के लिए प्रत्येक अध्याय का विश्लेषण आवश्यक है। निम्नलिखित खंडों में इस प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया कछार शिव मंदिर समिति रात्रि आरती और माता की रसोई में दिन भर कार्य देखे जाते है जिसमे मंदिर समिति के अध्यक्ष निरंजन यादव, उपाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, संरक्षक पद्मन पटेल, ऋषि बेहरा, महादेव अग्रवाल, नन्दलाल यादव, खितिज खूंटिया, जितेंद्र खूंटिया, कृष्णा डनसेना, अंकित अग्रवाल, तरुण जायशवाल, चिंटू अग्रवाल, बसंत यादव, पप्पू यादव, महेश यादव, आयुष अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, त्रिलोचन यादव समेत अन्य सदस्य मंदिर के कार्यों में हाथ बढ़ाते हैं।

संगम चौक में...

उत्सव पारंपरिक गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच महिलाओं एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। नवरात्र की भक्ति और गरबा की उमंग ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। एक साथ बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति ने यह साबित किया कि नगरवासी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को भरपूर प्रोत्साहन दे रहे हैं। हर दिन बढ़ती भागीदारी के साथ संगम चौक का गरबा महोत्सव लोगों के बीच खास पहचान बना रहा है।

निःशुल्क गरबा महोत्सव, हर वर्ग को जोड़ने की अनूठी पहल- संगम सेवा दुर्गा पूजा समिति की इस पहल की सबसे खास बात यह है कि गरबा महोत्सव सभी के लिए पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। समिति का उद्देश्य है कि आर्थिक स्थिति किसी के उत्साह और सांस्कृतिक भागीदारी में बाधा न बने। इसी सोच के साथ महिलाओं और बच्चों को गरबा-डांडिया के माध्यम से भारतीय परंपरा एवं संस्कृति से जुड़ने का अवसर दिया जा रहा है। प्रथम वर्ष में ही इस तरह की व्यापक भागीदारी और जनसमर्थन मिलना आयोजन की लोकप्रियता को दर्शाता है। संगम सेवा समिति की यह पहल धार्मिक आस्था 29 वर्षों की परंपरा में जुड़ा नया अध्याय- संगम चौक में संगम सेवा दुर्गा पूजा समिति पिछले 29 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समिति प्रत्येक वर्ष कुछ नया और विशेष करने का प्रयास करती है। इसी क्रम में इस वर्ष पहली बार निःशुल्क गरबा महोत्सव का आयोजन शुरू किया गया है। इस नई पहल ने दुर्गा पूजा के उत्सव को एक नया आयाम दिया है और नगरवासियों को एक साझा सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराया है।

सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का संदेश- संगम चौक का गरबा महोत्सव केवल नृत्य और मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं, बच्चों और नगरवासियों को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम भी बन रहा है। मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक नृत्य और सामूहिक सहभागिता के साथ यह आयोजन भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण का संदेश दे रहा है।नवरात्र के तृतीय दिवस पर उमड़ा जनसैलाब और 300 से अधिक महिलाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि संगम सेवा दुर्गा पूजा समिति की निःशुल्क गरबा पहल को नगरवासियों का भरपूर स्नेह और समर्थन मिल रहा है। प्रथम वर्ष में ही गरबा महोत्सव की यह शानदार शुरुआत संगम चौक के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में एक नया अध्याय जोड़ती नजर आ रही है।

हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

4

जिले को मुख्यमंत्री की मिली सौगात यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार



खबर संक्षेप

पेंशनधारकों के बनाए जाएंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों के डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) बनाए जाएंगे। इसके लिए डाकघरों में मात्र 70 रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि डाक विभाग द्वारा जिले के सभी गांवों, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर आपका बैंक आपके द्वार के अंतर्गत शिविरों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक स्तर पर पेंशनधारकों के डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पेंशनधारक अपने नजदीकी डाकघर, पोस्टमैन अथवा ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क कर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवा सकते हैं।

जन्म-मृत्यु के पुराने मामलों के पंजीयन हेतु नए नियम लागू

अम्बिकापुर। जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन कराने में देरी होने पर अब निर्धारित नियमों के अनुसार प्रक्रिया पूरी करनी होगी। भारत सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीयन अधिनियम, 1969 में संशोधन के बाद विलंब से प्राप्त होने वाली सूचनाओं के पंजीयन के लिए नए प्रावधान लागू किए गए हैं। इस संबंध में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), जिला सरगुजा द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, जन्म या मृत्यु की घटना के एक वर्ष बाद, लेकिन दो वर्ष के भीतर पंजीयन के लिए सूचना दिए जाने पर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अथवा डिवीजनल मजिस्ट्रेट या डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के द्वारा प्राधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट के आदेश पर घटित स्थानों के रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) के द्वारा पंजीयन किया जाएगा। वहीं, जन्म या मृत्यु की घटना के दो वर्ष से अधिक समय बाद सूचना दिए जाने पर पंजीयन के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर उस स्थान के रजिस्ट्रार द्वारा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त नियमों के लिए भारत सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधित 2023) में संशोधन करते हुए रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ (संशोधन) अधिनियम 2026 अधिनियमित किया गया है। इस अधिनियम की धारा 13 में संशोधन करते हुए उपधारा (3) के स्थान पर नई उपधारा (3) तथा उपधारा (3ए) प्रतिस्थापित की गई हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य विलंब से प्राप्त होने वाली जन्म-मृत्यु संबंधी सूचनाओं के पंजीयन की प्रक्रिया को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप संचालित करना है।

अवैध रेत परिवहन, हाइवा को किया पुलिस के हवाले

सीतापुर। बारिश थमते ही क्षेत्र में सक्रिय रेत माफिया फिर से क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड़ नदी का सीना छलनी करने लगे हैं। मांड़ नदी का जलस्तर घटते ही रेत माफिया नदी से रेत का खनन एवं परिवहन युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। दिन भर नदी से रेत खनन के बाद उसे एक निर्धारित जगह पर डंप किया जाता है जहां से रात को हाइवा के जरिये रेत बाहर ले जाकर खपाया जाता है। बीती रात को रेत माफिया नदी से अवैध रेत खनन के बाद उसे हाइवा में भरकर खपाने ले जा रहे थे तभी ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और रात को हो रही रेत तस्करी के बारे में पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस के आते तक ग्रामीणों ने हाइवा को रोके रखा था। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीणों ने रेत भारी हाइवा पुलिस के हवाले कर दिया। विदित हो कि बारिश के थमते ही रेत माफियाओं के सिंडिकेट मांड़ नदी का सीना छलनी करने सक्रिय हो गए हैं।दिन भर नदी से रेत का अवैध खनन करने के बाद उसे एक निर्धारित जगह पर डंप करते है। पर्याप्त मात्रा में रेत डंप होने के बाद रेत माफिया हाइवा वाहन में भरकर उसे बाहर ले जाकर खपाते है। बीती रात को भी रेत माफिया हाइवा वाहन के जरिये अवैध रेत बाहर खपाने के प्रयास में लगे हुए थे लेकिन सजग ग्रामीणों ने रेत माफिया के प्रयासों पर पानी फेर दिया।

रुपए के लालच में कलयुगी मां ने 9 माह के बच्चे को बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के थाना कुनकुरी क्षेत्र में बच्चे की खरीद-फरोख्त का गंभीर मामला सामने आया है। मामले में मां यशोदा यादव पर रुपए के लालच में अपने बच्चे को सुकरू आलम उर्फ बंगाली के माध्यम से पश्चिम बंगाल निवासी शेख अलविन को 1 लाख 80 हजार रुपए में बेचने का आरोप है। कुनकुरी पुलिस ने विवेचना के दौरान पश्चिम बंगाल पहुंचकर बच्चे को सकुशल बरामद किया तथा मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ अपराध

12 अगस्त को प्रार्थिया लक्ष्मी बाई, निवासी ब्लॉक कॉलोनी कुनकुरी, जिला जशपुर ने थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थिया के पुत्र शंकर चौहान को उसके पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त हुई थी। शंकर चौहान, यशोदा यादव के साथ रहता था। यशोदा यादव ने 18 दिसंबर 25 को एक बच्चे को जन्म दिया था, जिसे मार्च 2026 में कथित रूप से बेच दिया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में अपराध क्रमांक 149/2026, धारा 81 किशोर न्याय अधिनियम तथा धारा 143(4), 61(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने पं. बंगाल से बच्चे को सकुशल बरामद किया

खरीद-फरोख्त के मामले में मां सहित 5 आरोपी गिरफ्तार



जांच में सामने आई 1 लाख 80 हजार रुपए में बच्चे को बेचने की जानकारी

विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी करते हुए पश्चिम बंगाल निवासी सुकरू आलम उर्फ बंगाली, उम्र 43 वर्ष, को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह बाल खरीदने का काम करता था, इसी दौरान कुनकुरी में उसकी पहचान आरोपिया यशोदा यादव से हुई थी। आरोपी सकरु आलम से पूछताछ पर पर उसके द्वारा बच्चे को पश्चिम बंगाल निवासी शेख अलविन के पास पहुंचाने संबंधी जानकारी सामने आई। इसके बाद डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित कर पश्चिम बंगाल भेजी गई, जहां शेख अलविन, उम्र 52 वर्ष, से पूछताछ की गई। उसने बताया कि मार्च 2026 में यशोदा यादव के बच्चे को 1 लाख 80 हजार रुपए में खरीदकर अपनी बेटी को दे दिया था।

पश्चिम बंगाल से बच्चे को सकुशल बरामद किया

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बच्चे को बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया तथा उसे सुरक्षित संरक्षण में लिया। बरामद बच्चे की वर्तमान उम्र लगभग 9 से 10 माह है। प्रकरण में सुकरू आलम उर्फ बंगाली, शेख अलविन, निर्मला तिर्की, फूलकुंवारी यादव एवं यशोदा यादव के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मामले की अग्रिम विवेचना जारी है। मामले की कार्रवाई व बच्चे की सकुशल बरामदगी व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक नीता कुर्रे, प्रधान आरक्षक अलीका पैंकरा व आरक्षक आलोक तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पीड़ित ने लगाया 2 लाख रुपए मांगने का आरोप

समाज में शामिल करने मांगी रकम, अध्यक्ष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

आज के विकसित और सभ्य समाज में भी पुरानी परंपरा के नाम पर समाज से निकालने व समाज में शामिल करने के नाम पर डेडलिन देने का काम चलाया है। ऐसे ही एक वाकया पथल गांव थाना क्षेत्र से साने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपाल बंजारा, पिता मनोहर बंजारा, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम बटुराबहार, थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर ने माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोरबा के न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि उन्हें समाज से



बहिष्कृत कर दिया गया था। समाज में पुनः शामिल होने के लिए आवेदन करने पर समाज के तत्कालीन अध्यक्ष शेखर प्रसाद बंजारा, सचिव महेंद्र बंजारा तथा वर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर बंजारा एवं सचिव श्यामलाल बंजारा की ओर से उनसे पैसों की मांग की गई थी।

समाज के अध्यक्ष ने समाज ने शामिल करने मांगे थे 2 लाख

प्रार्थी के अनुसार, समाज में वापस शामिल करने के एवज में तत्कालीन अध्यक्ष शेखर बंजारा को 2 लाख देने की बात कही गई थी। इसमें से 1 लाख रूपए की राशि दिनांक 23 सितंबर 2022 को अलग-अलग बैंक खातों से ट्रांसफर किए जाने का उल्लेख परिवाद में किया गया है। प्रार्थी ने अपने भारतीय स्टेट बैंक खाते से फोन-पे के माध्यम से 60,000 रूपए शेखर बंजारा के खाते में तथा अपने मित्र के इंडसइंड बैंक खाते से 40,000 रूपए ट्रांसफर किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद भी दोबारा रकम की मांग किए जाने के संबंध में प्रार्थी द्वारा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

विवेचना के दौरान आरोपी गिरफ्तार

विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी एवं गवाहों के बयान दर्ज किए गए तथा संबंधित बैंक खातों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। प्रकरण के नामजद आरोपी शेखर प्रसाद बंजारा, पिता राजकुमार बंजारा, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम बटुराबहार थाना पत्थलगांव जशपुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। विवेचना में प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना पाए जाने पर आरोपी को 13 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

अन्य आरोपियों की तलाश जारी

प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस द्वारा उनकी पतासाजी की जा रही है तथा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले में अग्रिम विवेचना एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। मामले की कार्रवाई एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक जितेंद्र कुमार ताम्रकार एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मामलों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत समाज से बहिष्कृत कर वापस शामिल करने हेतु रुपए मांगने के मामले में पुलिस ने तात्कालीन समाज अध्यक्ष शेखर बंजारा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है, मामले से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की पता साजी की जा रही है।समाज में किसी व्यक्ति को बहिष्कृत कर उसके पुनः शामिल होने के नाम पर अवैध रूप से धन की मांग करना कानून के दायरे में जांच का विषय है। ऐसे मामलों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ अपराध

न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा ने परिवाद पर विचार करने के पश्चात थाना सिविल लाइन रामपुर, कोरबा को अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। घटनास्थल थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत होने के कारण थाना सिविल लाइन रामपुर, कोरबा में अपराध क्रमांक 00/2026, धारा 308(2), 61(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 7(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण थाना पत्थलगांव भेजा गया। थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 149/2026 कायम कर मामले की विवेचना प्रारंभ की गई।

विखं स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 संपन्न, जिपं अध्यक्ष साय हुए शामिल



पत्थलगांव। विकासखण्ड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खेल के प्रति समर्पण,अनुशासन और आपसी सौहाद्र का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर मिला।

- खेल प्रतिभाओं को मिला मंच, खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैः साय

समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की प्रेरणा भी देते हैं। ⏭ शेष पेज 2 पर

भाषा मेला में बच्चों ने की विविध भाषाई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मनोरा विकासखंड के संकुल केंद्र ओरकेला के प्राथमिक शाला पटिया में भाषा मेला का आयोजन हुआ। मेले का आरंभ सामूहिक बालगीत से हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के सभी बच्चों ने बारी-बारी से कहानी-कविता सुनाई। भाषा मेला में पहेली बूझो, कहानी आगे बढ़ाओ, तुकांत शब्द बनाओ, वाक्य निर्माण करो, शब्दों से कहानी-कविता बनाओ, पेंटिंग बनाओ, अभिनय व रोल प्ले आदि की गतिविधि के लिए दस से अधिक स्टॉल बनाए गए थे, जिसमें बच्चों ने पूरे उमंग के साथ उक्त सभी गतिविधियों में शिरकत की और आनंदमयी तरीके से भाषा की विभिन्न विधाओं को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में 120 से अधिक बच्चों एवं 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं व इतने ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की सहभागिता हुई।



नन्हें विद्यार्थियों ने किया नाट्य मंचन

प्राथमिक शाला पटिया के कक्षा चौथी के बच्चों ने 'आसमान गिरा' पाठ की कहानी का नाट्यमंचन भी किया। वहीं प्राथमिक शाला रुकरूमा के बच्चों ने अंग्रेजी के कक्षा पांचवीं के पाठ "सत्तू गोज टू शॉपिंग"का अंग्रेजी में नाट्य मंचन किया, जिसे समुदाय के सदस्यों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काफी सराहा। कार्यक्रम में कन्या आश्रम शाला की बालिकाओं ने स्वागत गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। यह पूरा कार्यक्रम ओरकेला संकुल समन्वयक कालेश्वर राम भगत एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

पंच परमेश्वर कहानी का नाट्य मंचन

यूथ क्लब पटिया'की युवतियों ने महान साहित्यकार प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी 'पंच परमेश्वर'का नाट्यमंचन किया। जिसकी समुदाय के लोगों ने काफी सराहना की। नाट्यमंचन करने वाली युवतियों में शालिनी बाई, शोभा लकड़ा, अराधना बाई, अर्चना बाई, अनुरूपा कूजुर, रूपा एक्का, कोमल लकड़ा, बबीता बाई, अल्पना देवी, देवेश प्रधान ने अहम किरदार अदा किए।

अंतरिक्ष संगवारी प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए 9 हजार 533 विद्यार्थी

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से संचालित 'अंतरिक्ष संगवारी'कार्यक्रम के अंतर्गत 14 अक्टूबर 2026 को जशपुर जिले में जिला प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई।

जिले के आठों विकासखंडों के 192 परीक्षा केंद्रों में आयोजित

कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में संचालित अन्वेषण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरिक्ष संगवारी जिला प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिले के आठों विकासखंडों के 192 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा के लिए कुल 10 हजार 396 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 9 हजार 533 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार जिले में विद्यार्थियों की कुल उपस्थिति 91.7 प्रतिशत रही। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि, तार्किक क्षमता और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति समझ का आकलन करना रहा।



आठों विकासखंडों में परीक्षा की स्थिति

विकासखंडवार उपस्थिति प्रतिशत में जशपुर विकासखंड में 22 केंद्रों में 94.7 प्रतिशत, कुनकुरी के 24 केंद्रों में 91.9 प्रतिशत, मनोरा में 13 केंद्रों में 90.7 प्रतिशत, दुलदुला के 13 केंद्रों में 93.4 प्रतिशत, फरसाबहार के 25 केंद्रों में 93.7 प्रतिशत, पत्थलगांव के 30 केंद्रों में 87.6 प्रतिशत, कांसाबेल के 19 केंद्रों में 94.9 प्रतिशत और बगीचा के 40 केंद्रों में में 90.9 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। कांसाबेल में सर्वाधिक 94.9 प्रतिशत उपस्थिति रही।

चयनित विद्यार्थियों को मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर

जिला प्रतिभा खोज परीक्षा इस कार्यक्रम का प्रथम चरण है। परीक्षा में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर 200 विद्यार्थियों का चयन मिनी प्रोजेक्ट के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 चयनित विद्यार्थियों के लिए रायपुर स्थित अंतरिक्ष केंद्र में छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने तथा 50 चयनित विद्यार्थियों को बेंगलुरु स्थित इसरो केंद्र के शैक्षणिक भ्रमण का अवसर देने की योजना है।

ढोल मंजीरों के थाप पर माता की आरती में सभी भक्त मां की भक्ति में झूमते दिखाई देते

पत्थलगांव के ग्राम कछार शिव मंदिर में नवरात्र पर्व की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कछार शिव मंदिर में नवरात्र पर्व की धूम है। मंदिर को सजा कर जगमगाती लाइट और झालर से पूरे परिसर को खूब अच्छी तरह सजाया गया है। शाम की आरती 7.30 बजे शुरू होती है, जो 9.30 बजे तक चलती है। तत्पश्चात प्रसाद वितरण के बाद माता की रसोई प्रसाद सभी भक्तों को दिया जाता है, जिसके लिए दूर दूर से भक्त मंदिर पहुंचते है। आरती में ढोल मंजीरों के थाप पर माता की आरती में सभी भक्त मां की भक्ति में झूमते दिखाई देते हैं।

कछार शिव मंदिर में ज्योति कलश स्थापित है, मान्यता है कि मन से मांगी सभी मुरादें माता रानी अवश्य पूरा करती हैं। लगातार ज्योति कलश के भक्तों की संख्या बढ़ती जा



रही है 9.30 बजे से से माता की रसोई चालू होती है, जो रात 11 बजे तक लगातार चलता रहती है। इसमें नवकन्या को सर्वप्रथम पूजा जाता है एवं उन्हें माता की रसोई का प्रसाद दिया जाता है। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्त माता की रसोई का प्रसाद ग्रहण करते हैं। प्रसाद तैयार करने के लिए पूड़ी बनाने में आरती में शामिल महिलाएं पूरा सहयोग करती हैं। बनारस से पूजा करने आये चन्दरवेश्वर मिश्रा ने बताया कि, नवरात्र पर्व में माता के पूजन का खास महत्व है। सच्चे मन से माता रानी से मांगी सभी मुरादें माता रानी अवश्य पूरा करती हैं। नवरात्र पर्व में में माता रानी के पास किए गए भजनों का बहुत महत्व है। आगे उन्होंने बताया कि, सप्तशती का आधार और कात्यायनी तंत्र सप्तशती का आधार मार्कण्डेय पुराण का देवीमाहात्म्य है, जिसमें 578 मंत्र हैं। गुप्तवती संस्कृत टीका के कर्ता भास्कर राय ने स्पष्ट किया है कि, सप्तशती कोई स्वतंत्र ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह व्यवहारिक रूप से मार्कण्डेय पुराण के मंत्रों को 700 मंत्रों में परिवर्तित करने का परिणाम है। उन्होंने कहा, अस्य सप्तशती व्यवहारस्तु न श्लोकसंख्यया। इसका अर्थ है कि सप्तशती की मंत्र संख्या श्लोकों की गणना पर आधारित नहीं है, बल्कि ⏭ शेष पेज 2 पर

संगम चौक में गरबा का महासंगम, डांडिया की धूम



जशपुरनगर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर संगम चौक, दरबारी टोली में आयोजित संगम सेवा दुर्गा पूजा समिति का प्रथम वर्ष निःशुल्क गरबा महोत्सव नगर में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के तृतीय दिवस पर गरबा महोत्सव में 300 से अधिक महिलाओं एवं बच्चों ने एक साथ गरबा और डांडिया कर ऐसा समां बांधा कि पूरा संगम चौक भक्ति, उल्लास और पारंपरिक संस्कृति के रंग में सराबोर हो गया। प्रतिभागियों के उत्साह और लोगों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। गरबा-डांडिया की धूम, मां की आराधना के साथ सांस्कृतिक ⏭ शेष पेज 2 पर

14 -Oct - Jashpur- bhoomi -pg-04_Layout 1 10/14/2026 8:56 AM Page 1

खबर संक्षेप

बालिका गृह में स्पर्धाओं का आयोजन

रायगढ़। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चक्रधर बालिका गृह, रायगढ़ में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर ड्राइंग एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जनदर्शन में समस्याओं का अंबार

रायगढ़। जनदर्शन में समस्याओं का अंबार है। कहीं स्कूल भवन की जरुरत है तो कहीं सड़क की मांग। याने जिले में सैकड़ों शिविर का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन वहां किसी तरह का समाधान नहीं होने की वजह से लोग जनदर्शन में पहुंच रहे हैं। इसका प्रमाण यह है कि हर जनदर्शन में सैकड़ों आवेदन लेकर लोग पहुंच रहे हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन में पहुंचे आम लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न मांगों, शिकायतों और समस्याओं को संबंधित आवेदनों को निराकरण करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत नूनदरहा के सरपंच ने वीबीजी राम जी योजना के तहत स्कूल में अहाता निर्माण की मांग की। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ इसके लिए निर्देश दिया। ग्राम बैहामुड़ा के मंगल राठिया और बालमती राठिया ने वन अधिकार पट्टा की मांग की। ग्राम सकरलिया के शनिराम बिरहोर ने अपने रकबे का किसान एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने की शिकायत की। ग्राम अमलीडोडा के ग्रामीणों ने नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, गौरबहरी के ग्रामीणों ने माध्यमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था तथा ग्राम औरदा के अंजोर सिंह ने मनरेगा के तहत किए गए कार्य की राशि दिलाने की मांग की। इसके अलावा ग्राम पेलमा से झरियापाल तक सड़क निर्माण तथा ग्राम पंचायत कसडोल में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना और आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए गए।

ओसीडी को मात देकर महिला ने पाया नया जीवन

रायगढ़। जिला अस्पताल की जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई ने इसी दिशा में एक महिला को नई उम्मीद दी है। ऑब्सेसिव कंपलसिव डिसऑर्डर ओसीडी से जूझ रही महिला उपचार और नियमित काउंसलिंग के बाद अब बेहतर महसूस कर रही हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत चिकित्सकों के प्रयास से जिला अस्पताल की मानसिक स्वास्थ्य इकाई लोगों को उपचार, परामर्श और सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। मीना शर्मा को बार बार नकारात्मक विचार आने और एक ही बात की जांच करने की परेशानी थी।

जल जीवन से बदली कोरापानी की तस्वीर

सारंगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली और सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। कभी पीने के पानी के लिए कुएं, हैंडपंप और नदी पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों के घरों तक अब नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा छोटे के आश्रित ग्राम कोरापानी में देखने को मिल रही है। यहां जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान कर उनके दैनिक जीवन को आसान बना दिया है। ग्राम कोरापानी में लगभग 110 की आबादी निवास करती है, जिसमें कुल 25 परिवार शामिल हैं। जल जीवन मिशन के पहले यहां के ग्रामीणों को पेयजल के लिए कुएं, हैंडपंप और नदी पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर महिलाओं को प्रतिदिन पानी लाने के लिए काफी समय और मेहनत करनी पड़ती थी। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर नीचे चले जाने से हैंडपंपों में पानी की उपलब्धता कम हो जाती थी।

---

11 करोड़ 83 लाख रुपए से 3 एकड़ में बनेगा हाईटेक बस स्टैंड

जिले को मुख्यमंत्री की मिली सौगात यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार

यात्री प्रतीक्षालय टिकट काउंटर सहित मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुरनगर में हाईटेक बस स्टैंड के निर्माण के लिए 11 करोड़ 83 लाख 62 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रस्तावित बस स्टैंड के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह आधुनिक बस टर्मिनल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ शहर की परिवहन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लगभग तीन एकड़ में बनेगा आधुनिक बस टर्मिनल- जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित पुराने मवेशी बाजार में हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण प्रस्तावित है। यहां एक साथ करीब 35 से 40 बसों के खड़े होने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे बसों के ठहराव और आवागमन को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी तथा यात्रियों को बसों के इंतजार के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जशपुर जिला मुख्यालय का बस स्टैंड जिले में सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख केंद्र है। यहां से प्रतिदिन 100 से अधिक बसों का आवागमन होता है। इन बसों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ झारखंड, ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य स्थानों के लिए यात्री सफर करते हैं। प्रतिदिन पांच हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती हैं। यहां लंबे समय से आधुनिक सुविधायुक्त बस स्टैंड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

शहर की परिवहन व्यवस्था को मिलेगा नया स्वरूप

जशपुरनगर जिला मुख्यालय होने के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इलाज, शिक्षा, खरीदारी और शासकीय कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा। बसों के व्यवस्थित ठहराव, यात्रियों के लिए बेहतर प्रतीक्षा व्यवस्था और आवश्यक सुविधाओं के विकास से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही शहर में बढ़ती यात्री आवाजाही को व्यवस्थित करने में भी मदद मिलेगी।

कुनकुरी और पत्थलगांव में भी आधुनिक बस स्टैंड को स्वीकृति- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले के अन्य नगरीय क्षेत्रों में भी यात्री सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। कुनकुरी और पत्थलगांव में अत्याधुनिक बस स्टैंड निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं बंदरचुआ और दुलदुला में एक-एक करोड़ रुपये की लागत से बस स्टैंड का निर्माण कार्य किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री के निर्देश पर तेजी से बन रहा 2.67 करोड़ तूबा एनिकट

जशपुरनगर। जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में दर्जनों एनिकट योजना के तहत करोड़ों रुपए की स्वीकृति मिली है। इस कड़ी में फरसाबहार तहसील क्षेत्र के तूबा एनीकट योजना के लिए 2 करोड़ 67 लाख रुपये लागत से निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

- फरसाबहार क्षेत्र के किसानों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। एनीकट के निर्माण से किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और कृषि कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। लगभग 25 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी- जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र के ग्राम तूबा में एनीकट का निर्माण से लगभग 25 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इस योजना का लाभ तूबा सहित कदइबहार, छिरोटोला और जमझोर गांवों के सैकड़ों किसानों को मिलेगा। खेती-किसानी को मिलेगा सीधा लाभ- एनीकट निर्माण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर होगी। इससे किसानों को खेती के दौरान होने वाली पानी की समस्या से राहत मिलेगी। स्थानीय स्तर पर सिंचाई सुविधा मजबूत होने से कृषि उत्पादन बढ़ाने की संभावनाएं भी विकसित होंगी।

तूबा एनिकट जून 2027 तक निर्माण पूरा करने का है लक्ष्य

विभागीय जानकारी के अनुसार, तूबा एनीकट निर्माण कार्य को जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

क्षेत्र की ग्रामीण जनता ने मुख्यमंत्री का किया आभार

तूबा एनीकट योजना की स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू हो जाने से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है,वहीं क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

प्राथमिक शाला जरिया में संकुल स्तरीय गणित कार्यशाला

जशपुरनगर। प्राथमिक शाला जरिया में डूमरटोली, मुटू एवं सोगड़ा संकुल के शिक्षकों के लिए संकुल स्तरीय गणित डेमो कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का मुख्य विषय गणितीय संक्रिया 'घटाव' रहा। कार्यशाला में तीनों संकुल के गणित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में प्राथमिक शाला के बच्चों से गणितीय संक्रियाएं रजनी बिंझवार के द्वारा करायी गई।कार्यशाला की शुरुआत बच्चों के स्तरानुकूल एक रोचक बालगीत के माध्यम से घटाव की अवधारणा प्रस्तुत कर की गई।



घटाव के उत्तरों की जांच करने का सरल तरीका भी बताया- अध्यापिका ने बताया कि गणित को रटने की बजाय ठोस वस्तुओं से जोड़कर कैसे सिखाया जाए। इसके लिए चित्र एवं प्रतीकों का उपयोग करते हुए तीली-बंडल, कंकड़ और डाइन्स ब्लॉक के माध्यम से एक, दो और तीन अंकों के साधारण एवं पुनः समूहीकरण वाले घटाव का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही टीएलएम के जरिए दैनिक जीवन के उदाहरणों और मौखिक इबारती सवालों से गणित को जोड़ने पर बल दिया गया। शिक्षकों को जोड़ की सहायता से घटाव के उत्तरों की पुनः जांच करने का सरल तरीका भी बताया गया आज के कार्यक्रम में शिक्षक के द्वारा शिक्षकों के समक्ष बच्चों से व्यवस्थित गणित संक्रियाएं कराई जिसे बच्चे तेजी से सीखते हुए दिखे बच्चों को गणित की संक्रियाएं करते देखना शिक्षकों के लिए सुखद अनुभूति था। आगामी सप्ताह में जोड़ गुणा भाग में भी बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

जिलेवासियों को बड़ी सौगात, कुनकुरी जशपुर में बनेंगी दो आवासीय कॉलोनियां

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने आम लोगों को किफायती और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने के लिए दो बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें कुनकुरी और जशपुर नगर के बालाछापर दोनों जगहों पर अटल विहार आवासीय योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रदेश के सभी 33 जिलों में आवासीय योजनाओं का विस्तार करने तथा नागरिकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी उद्देश्य के अनुरूप मंडल द्वारा इस परियोजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के समग्र विकास से जिले वासियों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही जशपुर में आने वाले दिनों में शीघ्र ही अटल आवास योजना, महुआ टोली,कडोरा और पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम मदनपुर में भी आवासीय योजनाएं प्रारंभ की जाएगी। आवास एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपी चौधरी के विशेष निर्देश पर यह आवासीय परियोजना, गिना बहार तहसील कुनकुरी और जशपुर के बालाछापर में अटल बिहार योजना के तहत लोगों

- अटल विहार योजना के तहत 97 और 128 मकानों का होगा

को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। पहली परियोजना कुनकुरी विकासखंड के ग्राम गिनाबहार में विकसित की जा रही है, जो क्षेत्र की पहली आधुनिक और सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी होगी। करीब 7 एकड़ क्षेत्र में बनने वाली इस कॉलोनी के लिए 17 करोड़ 15 लाख 71 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसमें कुल 97 आवास बनेंगे, जिनमें से 91 आवास आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस और निम्न आय वर्ग एलआईजी के लिए होंगे। शासन ने मंडल को 1 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से जमीन दी है और पात्र ईडब्ल्यूएस हितग्राहियों को 80 हजार और एलआईजी को 40 हजार रुपये का अनुदान भी दिया जाएगा। यह कॉलोनी कुनकुरी-बगीचा मार्ग पर एनएच-43 से 2 किलोमीटर की दूरी पर है। अनुराग सिंह देव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा बताया गया कि विकसित की जा रही यह कॉलोनी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी। इसमें सुरक्षा व्यवस्था, चौड़ी एवं सुव्यवस्थित सड़कें, स्वच्छ एवं हरित वातावरण समुचित जल निकासी व्यवस्था, तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। एक नियोजित आवासीय परिसर के रूप में विकसित होने के कारण यह परियोजना नागरिकों के लिए आकर्षक का केन्द्र बनने की संभावना रखती है।

प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग 16 को

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु चतुर्थ ओपन काउंसलिंग के आधार पर आयोजित की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में परीक्षा परिणाम पश्चात विभागीय वेबसाइट पर 228 रिक्त सीटों के आधार पर चतुर्थ ओपन काउंसलिंग की तिथि प्रदर्शित की गई है। चतुर्थ काउंसलिंग का आयोजन दिनांक 16 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से सायं 05 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, ब्लॉक-05, तृतीय तल, हॉल नंबर-04 में किया जाएगा। काउंसलिंग हेतु अनिवार्य दस्तावेजः- 1. कक्षा 8वीं की अंकसूची (प्रथम श्रेणी 60: के साथ उत्तीर्ण)। 2. पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण-पत्र (लागू होने पर)। 3. अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 10 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटरी सत्यापित शपथ-पत्र।

दुर्घटनाओं में मृतकों के वारिसों को मिलेगी आर्थिक सहायता

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन प्रावधानों के तहत दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर मृतकों के निकटतम वारिसों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए जशपुर जिले में 16 प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय, जिला जशपुर द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रत्येक प्रकरण में चार लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। इस तरह कुल 64 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जारी आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के परिशिष्ट-छ के अंतर्गत दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत प्रकरणों में कुएं, तालाब, नदी, बांध तथा अन्य जल स्रोतों में डूबने से हुई मौतों के मामले शामिल हैं।

इन हितग्राहियों के प्रकरणों में स्वीकृत हुई सहायता राशि- जारी सूची के अनुसार, ललकू राम के आवेदन पर मनीषा बाई की कुएं में गिरकर पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 17 सितंबर 2025 को बेमतातोली, तहसील कुनकुरी में हुई थी। इसी प्रकार बरनाबास तिर्की के आवेदन पर बीकांत तिर्की की तालाब में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए। यह घटना 12 मई 2026 को ग्राम बाहमनपुर, तहसील व जिला जशपुर में हुई थी। अनूप राम के आवेदन पर सरस्वती बाई की तालाब में डूबने से मृत्यु के मामले में भी चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 13 दिसंबर 2026 को ग्राम सिंगिबहार, तहसील फरसाबहार में होना सूची में दर्ज है। मधुरा राम के आवेदन पर लच्छू राम की बांध के पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 27 फरवरी 2026 को ग्राम पटिया अंगराकटोना, तहसील मनोरा में हुई थी। जगमाईत बाई के आवेदन पर बलदेव राम की ईब नदी में डूबने से मृत्यु के मामले में चार लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। यह घटना 7 सितंबर 2025 को ग्राम रेमने, तहसील मनोरा में हुई थी। संतोष तिग्गा के आवेदन पर शबनम तिग्गा की तालाब में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 26 जनवरी 2026 को ग्राम साजबहार कंडरापानी, तहसील तपकरा में हुई थी। वहीं, ओंकार एक्का के आवेदन पर मोनिका एक्का की कुएं में गिरकर डूबने से मृत्यु के मामले में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 29 अप्रैल 2026 को ग्राम लिटिम, तहसील मनोरा में हुई थी।

- जिले के 16 प्रकरणों में 64 लाख रुपये स्वीकृत

राम प्रसाद डनसेना के आवेदन पर नरेन्द्र डनसेना की डेम के पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 8 अक्टूबर 2021 को ग्राम कोनपारा, तहसील फरसाबहार में हुई थी। देवकुंवर के आवेदन पर विनोद महंत की कुएं में गिरकर डूबने से मृत्यु के मामले में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह घटना 1 अक्टूबर 2025 को ग्राम गोडीकला, तहसील पत्थलगांव में हुई थी। जयपाल साय के आवेदन पर सागरमती बाई की कुएं में गिरकर डूबने से मृत्यु के प्रकरण में चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन

रायगढ़। युवाओं में नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के लगभग 75 से 80 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्टार्टअप की संभावनाओं तथा नवाचार आधारित उद्यम शुरू करने से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के उद्देश्य, स्टार्टअप की अवधारणा और इसमें भाग लेने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा नवाचार और नए व्यावसायिक विचारों को आगे बढ़ाने में रुचि दिखाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने इनोवेटिव इंडिया के साथ मिलकर सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के अंतर्गत आवेदन करने की इच्छा भी व्यक्त की।

स्काउट एवं गाइड का पांच दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर

जशपुरनगर। भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में 5 अक्टूबर से आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर का 9 अक्टूबर को संपन्न किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोधमा के प्रांगण मे मुख्य अतिथि सरपंच सतपति साहनी प्राचार्य शिबरीमेरी खाखा पुष्पलता एक्का एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समापन समारोह आयोजित किया गया।

- शिविर में 172 स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवक हुए शामिल

विकासखंड सचिव उत्तम कुमार यादव स्काउट प्रियंका तिर्की गाइड के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिविर का प्रारंभ जनपद अध्यक्ष कुनकुरी सुशीला साय जनपद पंचायत सदस्य अभिनंदन एवं गणमान्य अतिथियों के आशीर्वचनों से प्रारंभ किया गया। यातायात नियमों की दी गई जानकारी- शिविर में 172 स्काउट एवं गाइड तथा 20 शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ शिविर में ध्वज शिष्टाचार टोली निर्माण स्काउट नियम प्रतिज्ञा अनुशासन गांठ निर्माण तंबू निर्माण प्राथमिक चिकित्सा सीपीआर कैंसर जागरूकता नशा मुक्ति हाइक तथा प्रत्येक संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम के बौद्धिक चर्चा सत्र में कुनकुरी अनुविभागीय दंडाधिकारी विष्णु गुप्ता के द्वारा एवं डीएसपी ट्रैफिक चौहान एवं उनकी टीम के द्वारा बच्चों को करियर काउंसलिंग यातायात सुरक्षा के नियम राहवीर योजना हेलमेट की अनिवार्यता एवं देश के एक जिम्मेदार नागरिक बनने की सलाह दी गई।



इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका- विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी टुमनु गोसाई जिला संगठन आयुक्त हेमंत पैंकरा स्काउट जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रीति सुधा किस्पोट्टा के द्वारा स्काउट एवं गाइड के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा एवं इसके विकास पर बल दिया गया। अरुण कुमार सिंह परवेज राही प्रफुल्ला मिंज शिविर संचालक के रूप में शिविर संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दुलदुला कॉलेज में मेरा युवा भारत का जागरूकता कार्यक्रम

आपदा से बचाव की तैयारी ही असली सुरक्षा

जशपुरनगर। अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार, जशपुर के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।



आपदा बताकर नहीं आती, युवाओं का जागरूक होना जरूरी- कार्यक्रम का शुभारंभ मेरा युवा भारत नोडल एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आपदा कभी बताकर नहीं आती, इसलिए युवाओं का जागरूक होना सबसे जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस ज्ञान को अपने गांव-घर तक ले जाएं। कार्यक्रम को चार सत्रों में विभाजित किया गया था, पहले सत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर विस्तृत जानकारी दी गई, दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, तीसरे में वृक्षारोपण और अंतिम सत्र में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आपदाओं से बचाव के व्यावहारिक उपाय- मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ श्री स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को बाढ़, भूकंप, सूखा, आकाशीय बिजली और आगजनी जैसी आपदाओं से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा, आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन सही तैयारी और जागरूकता से जोखिम को 90 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन विवेकानंद यूथ क्लब, मेरा युवा भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हेमराज सिंह ने वृक्षारोपण और आपदा के बीच के गहरे संबंध को समझाते हुए कहा कि जशपुर जैसे पहाड़ी क्षेत्र में पेड़ों की कटाई से भूस्खलन और जल संकट बढ़ रहा है। अधिक वृक्षारोपण ही प्राकृतिक आपदाओं से बचने का सबसे सस्ता और स्थायी समाधान है। इसके बाद आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया।

प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया- सम्मान सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या निशी एक्का ने सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने मेरा युवा भारत की टीम की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राध्यापिका दास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में मेरा युवा भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रियंका साय एवं स्वयंसेवक शिव दयाल चौहान ने आभार व्यक्त करते हुए समापन की घोषणा की।

